# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✸ आष्टा ✸ भैरूंदा ✸ बुधनी ✸ बैरछा ✸ शुजालपुर ✸ सोनकच्छ ✸ कालापीपल ✸ हाटपीपल्या ✸ खातेगांव सीहोर, 12 जनवरी 2026


## न्यूज कार्नर

### दुर्गाबस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

**सीहोर।** दुर्गादास बस्ती गंज वसुधा गार्डन में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। करौली वाली माता मंदिर से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर सम्मिलित हुई। कलश यात्रा का अनेक स्थानों पर नागरिकों के द्वारा फूल बरसा कर स्वागत किया गया। सम्मेलन स्थल पर समस्त देवी देवताओं एवं भारत माता की आरती की गई। विराट हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित हुए नागरिकों को जगद्गुरु यशोदा नंदन पंडित अजय पुरोहित ओर जिला कार्यवाह संतोष तोमर एवं विश्व हिंदू परिषद के नैतिक शिक्षा जिला प्रमुख राकेश कुमार विश्वकर्मा हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र राठौर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सम्मेलन के दौरान विभिन्न समाजों के अध्यक्ष ने भी अपने विचार प्रकट किए। सभी ने हिंदू समाज की एकता अखंडता और संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में दुर्गादास बस्ती गंज क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मोहल्लों के नागरिक सम्मिलित रहे। सामूहिक भोजन के उपरांत सम्मेलन का समापन किया गया।

### युवा उत्सव में हितिश ने लहराया परचम

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सीहोर के छात्र हितिश दुबे ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल का नेतृत्व करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है, कि वर्ष 2024 ,25 में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल की 12ह्व्ह्व परीक्षा में हितिश दुबे ने जिले में टॉप करते हुए सीहोर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज हितिश दुबे द्वारा मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सीहोर जिले का नाम रोशन करने पर आशीर्वाद देते हुए सम्मानित किया। हितिश नगर पालिका में कार्यरत श्री राजेश दुबे के सुपुत्र हैं।

### 18 को अजाक्स का महा आंदोलन

**सीहोर।** अजाक्स संगठन के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बाबूलाल मालवीय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी दिनांक 18 जनवरी 2026, दिन रविवार, प्रातः 11 बजे दशहरा मैदान भोपाल में अपने हक अधिकार ,जैसे एसी, एसटी, ओबीसी के 175000 बैकलांग पदों की पूर्ति, 27 प्रतिशत ओबीसी वालों के 13 प्रतिशत होल्ड को हटाए जाने, पदोन्नति में आरक्षण, सिविल जज 2022 के परीक्षा में एससी /एसटी और ओबीसी के अभ्यर्थियों को जान बूझकर भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने के विरुद्ध तथा बैकलॉग पदों को समाप्त करवाने के विरुद्ध, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करना के विरुद्ध, प्रमोशन हुए अधिकारियों को रिवर्ड करना के विरुद्ध, आदि पीआईएल जो कि सुप्रीम कोर्ट में दायर हुआ है। वह दिनांक 21 जनवरी 2026 हेयरिंग लगातार इन मुद्दों पर चलने वाली है और आईएएस संतोष वर्मा अजाक्स के प्रांताध्यक्ष के समर्थन में पूरे मध्य प्रदेश से एससी एसटी और ओबीसी की संयुक्त तत्वाधान में 18 जनवरी 2026 को एक दिवसीय महा आंदोलन भोपाल में किया जा रहा है,

### जरूरतमंद लोगों को दिए गर्म वस्त्र

**सीहोर।** विश्व सहायता दिवस के उपलक्ष्य में राठौर क्षत्रीय समाज महिला मण्डल द्वारा राठौर धर्मशाला गंज में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत् कडकती ठण्ड को देखते हुए नगर के जरुरतमंद नागरिकगणों को सम्मान के साथ कम्बल, स्वेटर, मौजे एवं खाद्य सामग्री भेट की गई। जिसकी राठौर समाज के पुरुष वर्ग ने सराहना की। नव वर्ष के प्रथम माह में नवीन उत्साह और नवीन संकल्प के साथ वैश्विक स्तर पर जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता के उद्देश्य से विश्व सहायता दिवस मनाने की ऐतिहासिक पहल भारत से प्रारंभ की गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न घटनाक्रमों के अंतर्गत यह सर्वविदित है कि जब-जब विश्व में मानवीय जीवन पर आपदा या संकट की स्थिति उत्पन्न हुई है, तब-तब भारत ने सदैव मानवता के पक्ष में आगे बढकर संबंधित देशों की सहायता की है। प्राकृतिक आपदाएं हों।

### हिंसक पशुओं को नियंत्रित करने के लिए जिले में हैं महज एक पिंजरा

# जिला मुख्यालय के आसपास सक्रिय हैं रहे दो से अधिक तेंदुए, बढ़ा खतरा



**जागरण, सीहोर।** सीहोर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बीते दो माह से तेंदुओं की आवाजाही बढ़ जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ था लेकिन अब जिला मुख्यालय के आसपास तेंदुओं का मूवमेंट बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहरवासियों में भी तेंदुओं को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही है हालाकि अभी तक जिला मुख्यालय पर तेंदुए के दर्शन नहीं हो सके हैं। लेकिन चार पांच किमी के अंदर तेंदुओं की आवाजाही बढ़ जने के बाद अब यह आशंका भी बनने लगी है कि घूम रहे तेंदुए कभी भी आवासीय बस्ती में कूदकर लोगों को अपनी उपस्थिति का आभासव करा सकते हैं। बेखैफ घूम रहे इन तेंदुओं को आबादी बहुल्य क्षेत्रों में आने से रोकने के लिए वन विभाग के पास पर्याप्त संसाधन भी नहीं हैं। किसी भी प्रकार के जान और माल का नुकसान होने पर वन विभाग अधिक से अधिक पीड़ित लोगों को मुआवजा देकर शांत करने का प्रयास करता है। मजे की बात यह है कि वन विभाग के पास बेकाबू हो चुके किसी भी हिंसक पशु को पकड़ने के लिए महज एक पिंजरा है। बुदनी रेहटी क्षेत्र में ऐसी स्थिति बनती है तो रातापानी अभ्यारण से पिंजरा मंगाने की जरुरत पड़ती है।

#### टेरीटरी छोड़कर आबादी में घुस रहे

वन परिक्षेत्र सीहोर के अंतर्गत आने वाले अहमदपुर दोराहा क्षेत्र से लेकर बिलकिसगंज इछावर क्षेत्र में तेंदुओं का मूवमेंट लगातार बढ़ रहा है। हिंसक वन्य प्रांणी जंगलों तक ही सीमित रहें तो कोई बात नहीं है लेकिन जब यह हिंसक वन्य प्राणी जंगलों से निकलकर आबादी बहुल गांवों और शहरी क्षेत्रों के आसपास इनकी गतिविधियां नजर आने लगती हैं तो भय और दहशत लोगों के बीच एक सहज स्वाभाविक प्रतिक्रिया के रूप में सामने अती है। बीते दिनों तेंदुए के दिखाई देने की कई घटनाएं सीहोर जिला मुख्यालय के कई गांवों में सामने आ चुकी है। सूत्रों की माने तो गिलकिसगंज क्षेत्र के ग्राम चंदेरी, नींबूखेड़ा, बमूलिया, रामाखेड़ी, कुलांस, भेपाल इंदौर राज मार्ग से ग्राम तूमड़ा की ओर जाने वोले मार्ग पर स्थित मदरसके के पीछे ग्राम चौंडी में तेंदुए के दर्शन आसानी से ग्रामीणों को हो रहे हैं। तेंदुओं की दहशत इतनी अधिक बढ़ चुकी हे कि अब इन ग्रामों में शाम होते ही घरों के दरवाजे बंद हो जाते हैं। और किसान अपनी फसलों की सिंचाई के लिए रात को अपने खेंतों पर जाने से कतराने लगे हैं। तूमड़ा के साथ ही थूना पचामा के पास स्थित नयापुरा में भी तेंदुओं की दहशत बढ़ चुकी है।

#### देते हैं समझाइश

वन विभाग के एक अधिकरी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक मात्र पिंजरा कीाी अहमदपुर तो कभी आष्टा क्षेत्र में हिंसक पशु को पकड़ने के लिए लगाया जाता है पिंजरा एक ही होने से हर जगह पशु को काबू में करना मुश्किल है ऐसे में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी वन्य ग्रामों में पहुंचकर लोगों को अकेले जंगल में न जाने की सलाह देते हैं। शिकायत मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों के साथ मिलकर सांझ के समय पटाखे आदि चलाकर उन्हें भगाने का प्रयास भी करते हैं। अनहोनी होने और जानमाल का नुकसान होने पर पीड़ित को नियमानुसार मुआवजे की व्यवस्था भी रहती है।

#### अन्य हिंसक पशु भी बन रहे खतरा

तेंदुआ जहां अपनी टेरीटरी छोड़कर भोजन पानी की तलाश में आबादी बहुल गांवो की ओर आ रहे है तो ग्रामीणों को अब तेंदुए के साथ बिलकिसगंज क्षेत्र के गांवों में बाघ के मूवमेंट का खतरा भी सताने लगा है गौरतलब है कि जिले के वीरपुर वन परिक्षेत्र में कोलार डेम क्षेत्र में बाघों का मूवमेंट बीते कई वर्षों से बना हुआ है क्षेत्र के ग्रामीण अब जंगलों में समूह बनाकर ही आते जाते हैं। तेंदुओं और बाघ के साथ ही जिले के जंगलों में बहुतायत से अन्य हिंसक पशु जिनमें भलू, लकड़बघ्घा सियार, भेड़िया, और जंगली सूअर बहुतायत से हैं। और यदाकदा यह भी वन्य प्राणियों को छोड़कर मवेशियों को अपना शिकार बनाते हैं। काले पहाड़ कोनाझिर क्षेत्र में भी तेंदुए का मूवमेंट अब तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस क्षेत्र में अक्सर किसानों को तेंदुए सहित अन्य हिंसक प्रांणियों के दर्शन होनो आम बात बनती जा रही है। वन विभाग के पास सुरक्षा के संसाधन सीमित होने के कारण ग्रामीण अब स्वंय ही खेतों पर और जंगल में आते जाते समय एहतियात बरत रहे हैं। अचानक हिंसक पशु से बचने के लिए ग्रामीण जहां रात में आग जला रहे हैं तो वहीं पटाखे छोड़कर वनय प्राणियों को भगने का प्रयास करते हैं।

# ग्रामीणों ने धरना देकर लोनिवि के खिलाफ किया जमकर प्रदर्शन



**जागरण, सीहोर।** रविवार सुबह बिलकिसगंज जोड़ चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता , व्यापारियों एवं किसानों ने सड़क निर्माण के कारण धूल, प्रदूषण एवं घटिया निर्माण एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से परेशान होकर जमकर किया प्रदर्शन। सैकड़ों की संख्या में व्यापारी किसान एवं ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। धरने में नारे लगाए कि बिलकिसगंज चंदेरी रोड पर धूल उड़ाने बंद करो एवं पी डब्लू दी सीहोर के अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करो। मजबूर दुखी होकर ग्रामीण जनता ने विगत दिनों भोपाल जाकर के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को मुख्य सचिव अनुराग जैन जी को, पीडब्ल्यूडी मंत्री को, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला जी को , प्रदूषण बोर्ड को मानव अधिकार आयोग को ज्ञापन देकर सीहोर बिलकिसगंज चंदेरी पर विगत चार पांच महीनों से जो रोड बन रहा है उससे भयंकर प्रदूषण और धूल उड़ने के कारण जनता बीमार हो रही है खांसी की बीमारी हो रही है, साथी जो घटिया निर्माण किया जा रहा है पुराना डामर रोड निकालकर उसमें मिलावट कर घटिया निर्माण किया जा रहा इसको लेकर ज्ञापन भोपाल जाकर ग्रामीणों ने दिया था

इसके बाद भी अधिकारी ने कोई कार्रवाई नहीं की तो आज ग्राम चंदेरी ग्राम ढाबला ग्राम बिलकिसगंज जनता बिलकिसगंज रोड पर धरने पर बैठकर भयंकर प्रदर्शन कर एवं जमकर पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ नारे लगाए और मांग करी के पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जावे साथ ही श्री भेरूलाल अहिरवार ई साहब को तत्काल प्रभाव से सीहोर जिले से हटाया जावे ।अहिरवार साहब न तो किसी की समस्या सुनने को त्यार है ना ही वो किसी भी जनप्रतिनिधि का फोन तक नहीं उठाते है ।

स्थानीय निवासियों के अनुसार दिनभर उड़ती धूल से घरों, दुकानों और सड़कों पर धूल की मोटी परत जम जाती है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और दमा व सांस संबंधी रोगों से पीड्ति लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों को खांसी, आंखों में जलन और सांस फूलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बिलकिसगंज जोड़ चौराहे पर विगत एक सप्ताह से रोड खुदा पड़ा हुआ है।

# पतंग उड़ाने के उत्साह के साथ संगीत और नृत्य का आनंद



**जागरण, सीहोर।** मकर संक्रांति का आध्यात्मिक संदेश आत्म-चिंतन, सकारात्मक ऊर्जा के संचार और आंतरिक शुद्धि का है, जो सूर्य के उत्तरायण होने और अंधकार से प्रकाश की ओर ब ?ने का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने विकारों को जलाकर ज्ञान, भक्ति और सद्गुणों को अपनाने, ईश्वरीय सत्ता से जुड़ने, और दूसरों के साथ प्रेम व सेवाभाव बांटने की प्रेरणा देता है, जिससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब और रेडक्रास सोसाइटी का यह एक दिवसीय मकर संक्रांति काइट कार्निवल का महोत्सव पारिवारिक और सांस्कृतिक है, शहर की सांस्कृतिक पहचान में एक स्वर्णिम अध्याय भी जोड़ेगा उक्त विचार शहर के कोलीपुरा स्थित एक निजी गार्डन में शहर के इतिहास में पहली बार महानगर की तर्ज पर रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब और रेडक्रास सोसाइटी के संयुक्त प्रयासों से एक दिवसीय कार्यक्रम में पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।

इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, कपिल अग्रवाल, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय और रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक ने कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य का तिलक कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि पंडित श्री मिश्रा ने यहां पर करीब एक एकड़ में बने मैदान पर पतंगबाजी करते हुए लोगों के मध्य पतंग उड़ाई और उसके पश्चात यहां पर लगे 60 से अधिक स्टाल पर पहुंचकर भेंट कर उत्साहवर्धन किया।

### आज होगी रन फॉर स्वदेशी दौड़

**सीहोर।** पूरे देश में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश अनुसार इस वर्ष स्वामी विवेकानंद जी की जन्म तिथि पर रन फ़ॉर स्वदेशी, संकल्प स्वदेशी दौड़ का आयोजन विद्यालय महाविद्यालय ,विश्वविदयलयों आदि में होगा। जानकारी देते हुए अरुषेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली जैसी संस्थाओं ने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रतिदिन किया जाएगा भंडारे का आयोजन, शहर के प्रमुख मंदिरों के संत-महंतों सहित पं मिश्रा को सौंपा आमंत्रण पत्र



**जागरण, सीहोर।** शहर के इतिहास में पहली बार गंज स्थित प्राचीन करोली माता मंदिर में आगामी 18 जनवरी से 27 जनवरी तक प्रतिदिन सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह है। आयोजन समिति के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट कर महायज्ञ के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। माता मंदिर परिसर में भव्य यज्ञ शाला का निर्माण किया जा रहा है। लगातार दस दिनों तक नगर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने शहर के नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे, संत उद्वावदास महाराज, श्री हंसदास मठ दशहरा बाग के महंत हरिराम दास आदि को भी आमंत्रण सौंपा।

आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर आदि को शामिल किया गया है। रविवार को पंडित श्री मिश्रा से आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक राठौर, हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, सूत्रधार और मुख्य यजमान तरुण राठौर आदि ने भेंट की। इस संबंध में जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रवासियों के अलावा यज्ञकर्ता सहित विप्रजन भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। यज्ञ का शुभारंभ मौनी अमावस से पूर्ण विधि-विधान के साथ किया जाएगा। पहले दिन भव्य कलश यात्रा हेमाद्री दोपहर तीन बजे और 19 जनवरी को अग्नि स्थापना नित्य हवन पूजन सुबह सात बजे से पांच बजे तक जारी रहेगी।

यज्ञ आचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में देश भर से आए 108 विप्रजनों के द्वारा दिव्य अनुष्ठान समापन कराया जाएगा। सहस्त्र चंडी यज्ञ की तैयारियों में मुख्य रूप से भव्य यज्ञशाला का निर्माण, वैदिक विद्वानों का जमावड़ा, दुर्गा सप्तशती के पाठ ब्राह्मणों की व्यवस्था, ध्वजारोहण, पंचांग पूजन, अग्नि प्रज्ज्वलन कन्या पूजन, भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की शांति, आरोग्य और समृद्धि प्राप्त करना होता है।

### छठा सीहोर मेडिसिन अपडेट सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न



**सीहोर।** छठा सीहोर मेडिसिन अपडेट सम्मेलन दिनांक 11 जनवरी को होटल क्रेसेंट, सीहोर में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक सम्मेलन में सीहोर, राजगढ़, देवास, शुजालपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 150 चिकित्सकों ने सहभागिता की। सम्मेलन ने क्षेत्रीय चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा जानकारियों, व्यावहारिक अनुभवों और आपसी संवाद का सशक्त मंच प्रदान किया। सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. हीरा दलोद्रिया रहे। आयोजन सचिव के रूप में डॉ. आर. के. वर्मा एवं डॉ. बी. के. चतुर्वेदी ने कुशल समन्वय किया, जबकि वैज्ञानिक सचिव की भूमिका डॉ. विवेक सक्सेना ने निभाई। सभी आयोजकों के नेतृत्व में सम्मेलन का वैज्ञानिक कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी, अद्यतन और क्लिनिकल प्रैक्टिस केंद्रित रहा। कार्डियोलॉजी सत्रों में डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. विवेक कान्हारे, डॉ. निखिल पेंडसे, डॉ. विकास गोयल, डॉ. शशांक दीक्षित एवं डॉ. सुमित भटनागर ने महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए। डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ हृदय के लिए लिपिड (कोलेस्ट्रॉल) प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान व शराब से परहेज, वजन व तनाव नियंत्रण तथा चिकित्सकीय सलाह से दवाओं के माध्यम से रूरुको नियंत्रित कर दिल के दौरे और स्ट्रोक के जोखिम को कम किया जा सकता है। डॉ. शशांक दीक्षित ने हार्ट अटैक प्रबंधन पर जोर देते हुए बताया कि तुरंत मदद बुलाना, एलर्जी न होने पर एस्पिरिन चबाना, शांत रहना और शीघ्र अस्पताल पहुंचना जीवन रक्षक है; समय पर स्टेंटिंग या थक्का-घोलने वाली दवाएं निर्णायक होती हैं। डॉ. सुमित भटनागर ने उच्च रक्तचाप के नियमित जांच, संतुलित आहार, व्यायाम और दवाओं के पालन से हार्ट अटैक व स्ट्रोक की रोकथाम पर प्रकाश डाला।

### महाप्रसादी के उपरांत पुलिस लाइन गल्ला मंडी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन

# मांगने की जरूरत नहीं, भगवान स्वयं दे देते हैं सब कुछ : पं. तिवारी

**जागरण, सीहोर।** प्रभु से मांगने की जरूरत नहीं है, भगवान तो बिना मांगे ही भक्त को सब कुछ दे देते हैं। मित्रता अच्छे लोगों से करना चाहिए। अच्छे मित्र आपको सद्मार्ग दिखाते हैं मंदिर ले जाते हैं सत्संग भजन में ले जाते हैं और बुरे मित्र सट्टा जुआ खिलाते हैं और मदिरालय में ले जाते हैं, यह बात रविवार को गल्ला मंडी पुलिस लाइन शिवशक्ति मंदिर परिसर में महिला मंडल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस भागवत आचार्य पंडित रविशंकर तिवारी के द्वारा श्रद्धालुओं के समक्ष कही गई।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता हमें भक्ति भाव और मित्रता का धर्म निभाना सिखाती है। सुदामा बचपन से ही भगवान श्री कृष्ण के भक्त थे। सांदीपनि आश्रम उज्जैन में गुरु आज्ञा से आश्रम के लिए जंगल में लकड़ी काटते समय श्रापित चने खाकर सुदामा ने श्री कृष्ण को श्रीहीनता से बचा लिया था। श्रॉप के चलते ही सुदामा दरिद्र हो गए थे। किंतु उन्होंने भगवान की भक्ति नहीं छोड़ी थी। जब बरसों बाद द्वारिका में भगवान श्री कृष्णा और सुदामा का मिलन हुआ तो भगवान श्री कृष्णा सुदामा को बिना बताए उनको इंद्र का सिंहासन और स्वर्ग दान कर दिया। किंतु संसार



को दिखाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा को दिया पीतांबर भी वापस ले लिया। माता रुक्मणी ने श्री कृष्ण का हाथ नहीं पकडा होता तो भगवान बैकुंठ भी सुदामा को दान कर देते।

पंडित श्री तिवारी ने कहा कि शरीर में कोई रोग ना हो तो यह सबसे बड़ा सुख होता है लेकिन हमारे को सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब पड़ोसी को कुछ मिल जाता है। सुदामा जी से भगवान मिले और कहां की बहुत अच्छे से हूं आनंद के साथ हूं बहुत कृपा है भगवान की सुदामा ने कुछ भी नहीं मांगा। भगवान श्री कृष्णा और सुदामा वार्तालाप के समय विवाह का प्रसंग निकलता है। तब भगवान बताते हैं कि उनके 16108 विवाह हुए हैं और सभी रानियां से 11.11 संताने भी हुई है। भगवान श्री कृष्ण का परिवार काफी बड़ा था इसके बाद भी कोई झगड़ा नहीं होता था। सुदामा और सुशीला की चार संताने थी किंतु सुख नहीं था। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पंडित रविशंकर तिवारी के द्वारा विभिन्न भजन कीर्तन सत्संग कथा प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति का मार्ग दिखाया गया।

भगवती शिवशक्ति मंदिर महिला मंडल द्वारा गल्ला मण्डी पुलिस लाइन स्थित मंदिर परिसर में भव्य संगीतमय श्रीमदभागवत कथा में पहुंचे हजारोंश्रद्धालुओं को भागवताचार्य पंडित रविशंकर तिवारी के द्वारा सोमवार 5 जनवरी से रविवार 11 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से 4 बजे के मध्य भागवत का अद्भुत महात्म्य प्रस्तुत किया गया जिस में परिक्षित जन्म, एकादशी आगमन कथा, शिव-पार्वती विवाह,सूतीजी अवतार, श्रीरामजन्म, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह, कंस वध प्रसंग सुनाया गया। यज्ञ एवं हवन, पूर्णाहुति आरती प्रसादी के बाद कथा का मंगलमय विश्राम किया गया।

### सात दिवसीय भागवत कथा महोत्सव 19 जनवरी से

**सीहोर।** शहर के इंदौर नाके पर हर साल की तरह इस साल भी कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय के द्वारा आगामी 19 जनवरी को संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। हर साल शहर के प्राचीन इंदौर नाका स्थित श्री सिद्ध बटेश्वर महादेव मंदिर में कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने की अपील की है। कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा में पहले दिन भागवत का महत्व के अलावा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, रुकमणी विवाह और सुदामा चरित्र आदि का वर्णन विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहाकि भागवत कथा का श्रवण इसलिए ज़रूरी है क्योंकि यह मन को शुद्ध करती है, संस्कारों को जगाती है, जीवन जीने की कला सिखाती है और जन्म-जन्मांतर के पापों को नष्ट कर मुक्ति दिलाती है; यह कलियुग में मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है, क्योंकि यह स्वयं भगवान का शाब्दिक रूप है और इसके सुनने से परमानंद की प्राप्ति होती है।

## न्यूज कार्नर

### हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता का संदेश

**जागरण, रमगढ़ा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध रुद्र धाम आश्रम में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में सनातन पद्धति से जुड़े अनुयायियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना और प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करना रहा। सम्मेलन का शुभारंभ ग्राम में निकाली गई भव्य समरसता रैली के साथ हुआ। रैली का स्वागत आतिशबाजी और बैंड-बाजों की गूंज के साथ किया गया। रैली के माध्यम से पूरे ग्राम में सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया गया। रैली में बड़ी संख्या में सनातनी हाथों में भगवा ध्वज लिए जयघोष करते हुए चले। जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। रैली के पश्चात मुख्य कार्यक्रम रुद्र धाम आश्रम में आयोजित किया गया। यहाँ उपस्थित विद्वान वक्ताओं ने समाज के वर्तमान हालातों पर प्रहार करते हुए कहा कि हिंदू समाज की मजबूती के लिए जातिगत भेदभाव को पूरी तरह खत्म करना अनिवार्य हैं। हमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर एक स्वच्छ और सभ्य समाज का निर्माण करना होगा। वर्तमान समय की चुनौतियों को देखते हुए वक्ताओं ने समाज को अपनी प्राचीन धार्मिक संस्कृति और संस्कारों की ओर वापस लौटने की प्रेरणा दी। सम्मेलन के अंत में उपस्थित जनसमूह ने समाज में समरसता लाने और सनातन धर्म के सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प लिया।

### संस्थाओं में होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती आज पूरे नगर और क्षेत्र में युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रेरणादायी जीवन और विचारों को याद किया जाएगा। सुबह निर्धारित समय पर छात्र-छात्राएं और शिक्षक सामूहिक रूप से योग की विभिन्न मुद्राओं और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का प्रदेश के युवाओं के नाम संदेश और आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारित होने वाले निर्देशों का पालन किया जाएगा। सूर्य नमस्कार के पश्चात विद्यार्थियों को प्राणायाम और ध्यान के महत्व के बारे में बताया जाएगा। भैरुंदा नगर के सांदीपनी विद्यालय, बालक एवं कन्या विद्यालयों सहित सभी निजी स्कूलों में इस आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खेल शिक्षकों और योग प्रशिक्षकों की देखरेख में छात्र इस अभ्यास में सम्मिलित होंगे।

### विवेकानंद जयंती पर आज होगी संकल्प दौड़

**जागरण, नर्मदापुरम।** स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। स्वदेशी जागरण मंच भी भारत को शक्तिशाली और स्वावलंबी समृद्ध बनाने के लिए सभी शैक्षणिक संस्थाओं में युवाओ की स्वदेशी संकल्प दौड़ शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में प्रातः 7.30 बजे से प्रारंभ होगी। पहले छात्रो को विवेकानंद व स्वदेशी का महत्व बताया जाएगा और स्वदेशी संकल्प दिलाया जाएगा।

### बानापुरा में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन

**जागरण, सिवनी मालवा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100वीं शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर बानापुरा में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन में सकल हिन्दू समाज ने भव्य कलश यात्रा के साथ हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया ऐतिहासिक हिन्दू सम्मेलन एकता सांस्कृतिक चेतना राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक हिन्दू समाज ने एकजुट होकर हिंदू समाज का परिचय दिया जिसमें सौ वीं शताब्दी के पावन अवसर पर नगर में मोहल्ला मोहल्ला हिन्दू समाज के लोग अपने वार्डो में लोगों को एकत्रित कर हिंदू एकता का परिचय दिया। नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी हिन्दू समाज के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई।


**प्लाट बेचना है**

भैरूंदा की मालवीय कालोनी बजरंग कुटी रोड़ पर 40X50 साईज का प्लाट बेचना है।

संपर्क करे

9630220218

11 to 17 Janu


# सीवरेज प्रोजेक्टः विकास के नाम पर 8 साल बाद भी काम अधूरा, खुदाई की भेंट चढ़ीं नई सड़कें

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** नगर के विकास और स्वच्छता के लिए शुरू की गई करोड़ों की मल-जल (सीवरेज) योजना शहर के लिए नासूर बन चुकी है। 39.1 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार और लापरवाही का ऐसा खेल चल रहा है किशहरवासी अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। अमृत योजना के तहत करोड़ों खर्च कर बनाई गई नई सड़कें अब सीवरेज कंपनी की खुदाई के कारण नेस्तोनाबूद हो रही हैं और नगर परिषद इस बर्बादी पर मूकदर्शक बनी हुई है। सीवरेज का काम कर रही कंपनी की मनमानी इस हद तक बढ़ गई है कि पाइपलाइन को व्यवस्थित बिछाने के बजाय नगर की नालियों के अंदर ही डाल दिया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नालियों में पाइप होने से भविष्य में जल निकासी पूरी तरह बाधित हो जाएगी और सफाई कर्मचारी भी सफाई नहीं कर पाएंगे। हाल ही में शास्त्री कॉलोनी के घरों में घुसा गंदा पानी इस तकनीकी लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। हाउस कनेक्शन में भी सबसे घटिया स्तर की निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इसका आरोप शहरवासियों के द्वारा लगाया गया है। जिससे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सितंबर 2018 में विश्व बैंक की सहायता से बन रही करोड़ो रुपए की मल-जल (सीवरेज) योजना का ई-शिलान्यास सागर से किया था। योजना की कुल लागत 39.1 करोड़ रुपए हैं । जिसमें 33.6 करोड़ रु. और 10 वर्ष के संचालन व संधारण की लागत 5.95 करोड़ हैं। इस कार्य का ठेकेदार द्वारा 10 वर्ष तक संचालन व संधारण किया जाना है। योजना के तहत 4.2 एमएलडी का एक ट्रीटमेंट प्लांट, 42.33 किमी की पाइपलाइन बिछाना था। इसमें 1036 मेन होल, 232 मेन होल (2 मीटर गहराई वाले), और 993 मेन चेंबर (1.5 मीटर गहराई वाले बनाए जाना हैं। इतना ही नहीं क्षतिग्रस्त सड़कों की



मरम्मत और पौधारोपण कर उनके पेड़ बनने तक पोषण करने की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की थी । इस योजना को वर्ष 2049 तक अनुमानित जनसंख्या 44232 के आधार पर प्रस्तावित किया गया था। लेकिन आठ वर्षों बाद भी काम पूरा न होने और अब गुणवत्ता में हो रही अनदेखी से इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की सफलता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

सितंबर 2018 में तात्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा ई-शिलान्यास की गई इस योजना की समय सीमा महज 18 महीने तय की गई थी। लेकिन विडंबना यह हैं कि 8 साल बीत जाने के बाद भी हाउस कनेक्शन का काम कछुआ चाल से चल रहा है। शहर भर में जगह-जगह चेंबर बनाकर उन्हें खुला छोड़ दिया गया है। जो रात के अंधेरे में किसी भी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। पूर्व की कंपनी काम अधूरा छोड़कर भाग चुकी है और अब दूसरी कंपनी भी उसी ढर्रे पर चलते हुए केवल खानापूर्ति कर रही है। नगर परिषद भी करोड़ों रुपए की बर्बाद हो रही सड़क पर संज्ञान नहीं ले रही।

मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट लिमिटेड के द्वारा किए जा रहे इस कार्य के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार पाइपलाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पौधारोपण की जिम्मेदारी ठेकेदार की है। लेकिन हकीकत में सड़कों पर केवल घटिया पेच-वर्क (गिट्टी-मिट्टी) डालकर मनमानी की जा रही है। धूल के गुबार और उखड़ी हुई सड़कें अब शहर की नई पहचान बन गई हैं। पौधारोपण जैसी व्यवस्था तो दूर की कोड़ी नजर आ रही है। अमृत योजना की नई सड़कों की बर्बादी और घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग इस योजना की हकीकत को बयां कर रहे हैं। नगर के जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे प्रोजेक्ट के भ्रष्टाचार की जांच की जाए और घटिया निर्माण करने वाली कंपनी के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

### ट्रक की रोशनी अचानक चालक की आंखों में पड़ी, कार पूरी तरह हुई क्षतिग्रस्त हादसा टला

# सड़क किनारे फैली झाड़ियों के बीच बेकाबू होकर फिसली तेज रफ्तार कार

**जागरण बुधनी।** बुधनी अंतर्गत टीटीसी शिव मंदिर के पास एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। भोपाल की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। कार में सवार पांच लोग घायल हो गए, हालांकि गनीमत रही कि किसी की हालत गंभीर नहीं है। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सड़क किनारे लगे पेड़ों से टकराते हुए नीचे गिरी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया ट्रक की तेज रोशनी बनी हादसे की वजह सामने से आ रहे एक ट्रक की तेज रोशनी अचानक चालक की आंखों में पड़ी, जिससे वह कुछ क्षणों के लिए कुछ भी नहीं देख सका और वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। इसी दौरान कार सड़क से नीचे उतर गई।



स्थानीय लोगों का कहना है कि टीटीसी शिव मंदिर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग के दोनों ओर फैली घनी झाड़ियां दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनती जा रही हैं। रात के समय इन झाड़ियों के कारण सड़क की किनारी स्पष्ट दिखाई नहीं देती, जिससे वाहन चालकों को मोड़ का अंदाजा नहीं लग पाता और हादसे हो रहे हैं।सभी घायल नर्मदापुरम जिले के निवासीपुलिस ने बताया कि सभी घायल नर्मदापुरम जिले के निवासी हैं और किसी निजी कार्य से भोपाल की ओर जा रहे थे। दुर्घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।स्थानीय नागरिकों ने इस मार्ग पर तत्काल झाड़ियों की कटाई, रिफ्लेक्टर लगाने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकेद्य

#### बढ़ रहा हादसों का खतरा

नगर और उससे जुड़े मुख्य मार्गों पर दोनों ओर उगी झाड़ियां अब सिर्फ हरियाली नहीं रहीं, बल्कि आम लोगों के लिए जानलेवा बाधा बन चुकी हैं। महीनों से झाड़ियों की कटाई नहीं होने के कारण सड़कें दिन-ब-दिन सिमटती जा रही हैं, वहीं वाहन चालकों की दृश्यता भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। नतीजतन रोजाना लोग दुर्घटनाओं के मुहाने पर खड़े होकर सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय रहवासियों के अनुसार कई स्थानों पर झाड़ियां सड़क के आधे हिस्से तक फैल चुकी हैं। खासकर मोड़ों और ढलानों पर हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं।

#### चालक नियंत्रण खो बैठता है

झाड़ियों की ओट में छुपा खतरा अचानक सामने आ जाने से चालक घबरा जाता है और वाहन से नियंत्रण खो बैठता है, जिससे हादसे हो रहे हैं।शाम ढलते ही खतरनाक बन जाता है रास्तादिन के समय तो किसी तरह वाहन निकल जाते हैं, लेकिन शाम और रात के समय इन झाड़ियों के कारण सड़क की सीमा पहचानना मुश्किल हो जाता है। सामने से आने वाले वाहन आखिरी पल में दिखाई देते हैं, जिससे टक्कर जैसी स्थिति बन जाती है। बीते कुछ सप्ताहों में इस मार्ग पर कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं।यातायात विशेषज्ञों का कहना है कि सड़क किनारे उगी झाड़ियां दृश्यता को खत्म कर देती हैं, जिससे चालक समय रहते सामने वाले वाहन या मोड़ का अंदाजा नहीं लगा पाते। यही स्थिति दुर्घटनाओं को जन्म देती है।

#### लोगों का आक्रोश, प्रशासन से सीधी मांग

नगरवासियों का कहना है कि यह मार्ग कस्बे और आसपास के गांवों को जोड़ने वाली जीवनरेखा है, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण यह मौत का रास्ता बनता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि विशेष अभियान चलाकर झाड़ियों की तुरंत कटाई कराई जाए और आगे से नियमित सफाई और निरीक्षण की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए श्रद्धालु पांचोर में भागवत कथा का समापन



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** ग्राम पांचौर में प्रवाहित हो रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें एवं अंतिम दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास पंडित जितेंद्र शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण और उनके अनन्य मित्र सुदामा के चरित्र का ऐसा सजीव वर्णन किया कि पाण्डाल में मौजूद हर आंख नम हो गई। पंडित शास्त्री ने सुदामा के दरिद्रता से लेकर द्वारिकाधीश के महल तक की यात्रा का वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची भक्ति और विश्वास कभी खाली नहीं जाता। उन्होंने कहा कि सुदामा जी ने कभी कुछ मांगा नहीं। लेकिन भगवान ने बिना मांगे ही उन्हें सब कुछ अर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा केवल प्रेम के वशीभूत हैं। सुदामा की निस्वार्थ भक्ति ने भगवान को भी भावुक कर दिया। कथा के दौरान पंडित जी ने जीवन प्रबंधन और अध्यात्म पर कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि सुखदेव जी ने जिस प्रकार राजा परीक्षित को मृत्यु के भय से मुक्त कर मोक्ष दिलाया। वैसे ही भागवत कथा श्रवण से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप कट जाते हैं। मनुष्य को भागदौड़ भरी जिंदगी में ईश्वर के लिए समय जरूर निकालना चाहिए। क्योंकि अंततः केवल भक्ति ही साथ जाती है। उन्होंने कहा भागवत कथा केवल पुस्तक नहीं बल्कि साक्षात श्री कृष्ण का स्वरूप है। कथा के दौरान कृष्ण-सुदामा मिलन की मनमोहक झांकी निकाली गई। श्रद्धालुओं ने द्वारपालों कन्हैया से कह दो...जैसे भजनों पर नृत्य किया। कथा के अंत में महाआरती की गई और बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### 14 जनवरी रात से शुरू होगी मकर संक्रांति

**जागरण बुधनी।** मकर संक्रांति पर्व इस वर्ष दो दिन मनाया जाएगा, लेकिन नर्मदा नदी में मुख्य स्नान 15 जनवरी को होगा। विद्वान पंडितों के अनुसार मकर संक्रांति 14 जनवरी की रात 9ः29 बजे प्रारंभ होकर 15 जनवरी दोपहर 1ः29 बजे तक रहेगी। इसी कारण 15 जनवरी का स्नान और दान-पुण्य विशेष फलदायी माना गया है। मकर संक्रांति पर सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिससे सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं। इस दिन से गर्मी तिल के समान बढ़ने लगती है और शुभ कार्यों का आरंभ होता है। इस बार पटतिला एकादशी भी 14 जनवरी को पड़ रही है, 14 से ही घाटों पर पहुंचने लगेंगे श्रद्धालुमुख्य स्नान 15 जनवरी को होने के कारण श्रद्धालु 14 जनवरी से ही नर्मदा घाटों पर पहुंचना शुरू कर देंगे।

### 1800 दिनों से केवल नर्मदा जल के सहारे परिक्रमा कर रहे दादागुरु

**जागरण बुधनी।** सनातन संस्कृति की जीवंत चेतना, त्यागतपसाधना और मानवता को दिशा देने वाला आध्यात्मिक जागरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा एक साधना, एक जागरण के अंतर्गत देश विदेश को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान कर रहे सद्गुरु दादागुरू महाराज इन दिनों अपनी अद्वितीय तपङ्साधना के साथ नर्मदा परिक्रमा पर हैं।दादागुरू महाराज द्वारा 1800 दिनों से केवल नर्मदा जल के सहारे निरंतर चल रहे अखण्ड निराहार महाव्रत न केवल साधना की चरम पराकाष्ठा है, बल्कि यह आज की भौतिकतावादी और संकटग्रस्त दुनिया को संतुलन, संयम और सेवा का संदेश भी दे रहा है। दादागुरू महाराज का कहना है कि वर्तमान विश्व



पर्यावरण संकट, मानसिक अशांति, सामाजिक विघटन और पारिवारिक टूटन से गुजर रहा है। इन सभी समस्याओं का समाधान एक धर्म एक धरा एक परिवार की सनातन अवधारणा में निहित है। उनका यह जागरण अभियान सम्पूर्ण मानव समाज को एक सूत्र में पिरोने की प्रेरणा दे रहा है। रविवार कोबह परिक्रमा वासियों के साथ बुधनी पहुंचे दशहरा मैदान पर उनका भव्य स्वागत किया गया और उनके द्वारा प्रवचन दिए गए नर्मदा की अमृत और स्वच्छता का संदेशप्रवचन के दौरान दादागुरु महाराज ने कहा कि माँ नर्मदा केवल नदी नहीं, बल्कि जीवनदायिनी माँ हैं। उन्होंने नर्मदा को स्वच्छ और अविरल रखने का आह्वान करते हुए कहा कि नर्मदा का जल अमृत तुल्य है और इसका संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है दादा गुरु एवं परिक्रमा वासियों के दल ने बुधनी में रात्रि विश्राम किया अवधूत सिद्ध महायोगी दादागुरु माँ नर्मदा की रक्षा और संरक्षण का संकल्प लेकर अपनी चौथी पैदल नर्मदा परिक्रमा पर निकले हैं। यह यात्रा उनकी साधना की पराकाष्ठा मानी जा रही है।

# छिदगांव काछी में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 150 से अधिक ग्रामीण हुए लाभान्वित

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारती हॉस्पिटल द्वारा लगातार स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन किये जा रहे हैं। अस्पताल का उद्देश्य है कि छोटे से छोटे गांव तक स्वास्थ्य सुविधाओं को मुहैया कराना है। इसी के चलते ग्राम छिदगांव काछी में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जबरदस्त उत्साह देखा गया। जहाँ आस-पास के क्षेत्रों से आए 150 से अधिक मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।




विशेषज्ञों का मिला साथ, घर के पास मिला इलाज

शिविर की सफलता का मुख्य आधार भारती हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम रही। ग्रामीणों को जटिल बीमारियों के परामर्श के लिए शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मुनीबा शेख, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार कर्मी,दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. फरहा दीबा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. एल. चन्द्रवंशी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. अहमद,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आई. एच. काशिफ पूरे समय शिविर में मौजूद है। विशेषज्ञों डॉक्टरों के अलावा अस्पताल का पैरामेडिकल स्टाफ भी मुस्तैद रहा। जिन्होंने मरीजों के पंजीकरण से लेकर जांच तक में पूर्ण सहयोग किया।

अस्पताल में उपलब्ध कराई जांच और दवाइयों की निःशुल्क सुविधा

आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जांच की सुविधा महंगी और दूर होने के कारण लोग इलाज में देरी करते हैं। इसे देखते हुए भारती हॉस्पिटल ने शिविर में खून और पेशाब की जांच के साथ-साथ ईसीजी की सुविधा भी पूरी तरह निशुल्क प्रदान की। परीक्षण के उपरांत मरीजों को अस्पताल की ओर से निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। जिससे ग्रामीणों को बड़ी आर्थिक राहत मिली।

भारती हॉस्पिटल ( ए यूनिट ऑफ कल्पबल्ली हेल्थ केयर प्रा. लिमिटेड) द्वारा ग्रामीण अंचलों में निरंतर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन का मानना है कि ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराना ही उनका प्राथमिक लक्ष्य है। ग्रामीणों ने अस्पताल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक लाभ होता है जो लंबी यात्रा कर शहर नहीं जा पाते। भारती हॉस्पिटल का यह प्रयास स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रहा है।


**BHARTI HOSPITAL**

आरोग्यम् प्रथमं सुखम्।

A Unit Of Kalpavalli Health care Pvt.Ltd




एक ही छत के नीचे उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधायें

- मेडिसिन विभाग
- सर्जरी विभाग
- स्त्री एंव प्रसूति रोग विभाग
- नैत्र रोग विभाग
- शिशु रोग विभाग
- अस्थिरोग विभाग
- नाक,कान,गला रोग विभाग
- दंत रोग विभाग
- फिजियोथैरेपी विभाग
- पेथोलॉजी विभाग
- रेडियोलॉजी विभाग

परिणय कार्ड्स # नस.गंज

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना | आयुष्मान भारत | PM-JAY

अब आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध

वार्ड नं.01 सीहोर रोड, भैरुंदा (नसरुल्लागंज) जिला सीहोर

सम्पर्क: 7389186663

### जावर, मैना और आष्टा की बजरंग बस्ती में हुआ हिन्दू सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दी प्रस्तुति

# बदलाव के इस युग में शास्त्र और शस्त्र दोनों आवश्यक हैं, तभी संस्कृति बचेगी: विश्वामित्र






**जागरण, आष्टा।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आष्टा एवं जावर तहसील में बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं। सम्मेलन में बोद्धिक के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामुहित भोजन किया गया। रविवार को आष्टा नगर की बजरंग बस्ती, जावर नगर एवं ग्राम मैना में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लिया।

नगर की बजरंग बस्ती में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में सृजन बोर्डिग एवं स्कूल के विद्यार्थियों ने मोबाइल से होने वाले दुरूउपयोग के संबंध में नाटक की प्रस्तुति दी। जिस की सम्मेलन में मौजूद लोगो ने सरहाना की। मुख्यवक्ता के रूप में मध्य भारत प्रांत के धुमन्तु कार्य के प्रमुख लखन विश्वकर्मा एवं वक्ता के रूप में भागवतभूषण पंडित हरिमाद्यव शास्त्री एवं शिक्षिका श्रीमती स्मृति मिश्रा भोपाल ने बोद्धिक दिया। गायक पंकज राव ने भजनों की प्रस्तुति दी। सम्मेलन के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

ग्राम मैना की कृषि मंडी में आयोजित हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए आचार्य विश्वामित्र ने कहा कि हिन्दू समाज और जाति को आज तोड़ा जा रहा हैं। जब तक हिन्दू समाज जाग कर जात-पात का भेदभाव मिटाकर एक नहीं होगा, तब तक ऐसा होता रहेगा। आचार्य विश्वामित्र कहा कि भाषा और वेशभूषा से हम अभी भी गुलाम हैं, जिससे बचकर हमें हमारी संस्कृति को भी बचाना हैं। आज के दौर में दुनिया कई बदलावों से गुजर रही हैं, इस दौर में हमें शस्त्र और शास्त्र दोनों की ही जरूरत है।

सीहोर जिला के सह कार्यवाहक गोविंदसिंह ठाकुर ने कहा कि यह संघ का शताब्दी वर्ष हैं। भारत हिन्दुओं का देश हैं, यह दुर्भाग्य की बात हैं कि हमें हमारे ही देश में हिन्दू संगठन बनाने की आवश्यकता पड़ी। 100 वर्ष में भारत का एक प्रतिशत हिन्दू ही संगठित हो पाया हैं। हमारे ही देश के अंदर हमें अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनाने के लिए पांच सौ वर्ष संघर्ष करना पड़ा, जब भारत का हिन्दू संगठित हुआ तो श्री राम मंदिर भी बना और कश्मीर से धारा 370 भी हटी। इसलिए हमें सामाजिक समरसता लानी होगी। सम्मेलन को पंडित दीपक शास्त्री एवं श्रीमती रमिला परमार ने भी संबोधित किया। हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने श्रीराम एवं भारत माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। ग्राम के नन्हे कलाकारों ने श्री राम दरबार सजाकर स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। हिन्दू सम्मेलन में सहभोज का आयोजन भी किया, जिसमे मैना मंडल के मैना सहित दस ग्रामों के ग्रामीणों ने भाग लिया।

जावर नगर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता जिला प्रचारक शाश्वत सक्सेना ने कहा कि एक संगठित हिंदू समाज ही समर्थ और सक्षम भारत का निर्माण कर सकता हैं। प्रकृति की पूजा करने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिंदू समाज का अभिन्न अंग है। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के रूप में हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला का हिस्सा हैं। वहीं संघ के पंच परिवर्तन पर भी प्रकाश डाला एवं देश के सांस्कृतिक मूल्यों को सहेज कर रखने को प्रत्येक समाजजन का दायित्व बताया।

महंत 1008 श्री उद्धावदास महाराज ने कहाकि वर्तमान समय में कुछ तत्वों द्वारा हिंदू समाज को जातिगत भिन्नता के आधार पर दुष्प्रचार और षड्यंत्र के माध्यम से विभाजित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रमुख वक्ता संतश्री डॉ. अवधेशपुरी महाराज ने कहाकि हिंदुओं की एकता से ही देश ही नहीं, बल्कि विश्व में भी शांति संभव है। जब-जब हिंदुत्व कमजोर हुआ, तब-तब अनेक समस्याएं सामने आईं। ज्योषिचार्य डॉ. विद्यापुरी ने कुटुंब व्यवस्था, सांस्कृतिक परंपराओं के पालन और तीर्थ दर्शन के महत्व पर विस्तार से बात की। अतिथि के रूप में बाबूसिंह ठाकुर भी मौजूद थें। नगर में शोभायात्रा निकाली, जिसमें बालिकाओ ने अखाडे का प्रदर्शन किया। स्वर्ण रथ पर विराजीत श्री राम दरबार, आकर्षण का केंद्र था। नगर में अनेक स्थानों पर स्वागत द्वार सजाए गए। सामाजिक संगठनो ने पुष्पवर्षा कर राम दरवार एवं संतो का स्वागत किया। सम्मेलन में भारत माता की आरती, गौ पूजन, शास्त्र पूजन, कलश यात्रा, हनुमान चालीसा पाठ और भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रम हुए। इसके साथ ही गणेश एवं सरस्वती वंदना पर नृत्य और पंच परिवर्तन पर नाटिका की प्रस्तुति दी। राजू भावसार, जितेंद्र ठाकुर, विरेंद्र ठाकुर, जयश जोशी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। खजुरिया, अरोलिया, टोलकाखेडा, परोलिया, शेखुखेडा, मालीपुरा से भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी स्थानों पर सहभोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय संत, मातृ शक्तियां, समाजसेवी और बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लिया।






## रविदास जयंती को लेकर जागड़ा समाज की हुई बैठक



**जागरण, आष्टा।** नया दशहरा मैदान स्थित अंबेडकर भवन में संत शिरोमणि रविदासजी महाराज की जयंती को लेकर जांगड़ा समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 1 फरवरी रविवार को नगर में चल समारोह एवं भंडारा होगा। बैठक में अजय चौरसिया अध्यक्ष, नेपाल पेरवाल, प्रेम सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, राजकुमार चौधरी महासचिव, संतोष सूर्यवंशी संगठन सचिव, रामेश्वर दामडिया सचिव, शंकर लाल बड़ोलिया मीडिया प्रभारी, जीवनसिंह धनवाल कोषाध्यक्ष, भवानीसिंह कुरल, लखन चौहान, बंसीलाल धनवाल, माखनलाल कलेसरिया, राजेंद्र भारती, लखन चौहान, सुनील जामलिया, हमीरसिंह, अनोखी लाल, गंगाराम सरपंच, जितेंद्रसिंह सिलोरिया, भादरसिंह अस्ताया, अरविंद रैकवार, ज्ञानसिंह अस्ताया को सदस्य मनोनीत किया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष माखनलाल कुराडिया, बंसीलाल धनवाल, कैलाश बगाना, बलवंतसिंह बगाना, पन्नालाल सिलोरिया, दिलीप आंवले, जितेंद्र गोयल, जितेंद्र खैरवाल, नाथूसिंह बगाना, सावतसिंह अस्ताया, नरबतसिंह सिलोरिया, हजारीलाल पटवारी, मेहरबान रैकवाल, हेमराज मुगली, मेहरबानसिंह कुलथीया, अनोखी लाल बगाना, देवेंद्र दंगोलिया, कन्हैयालाल पेरवाल, राधेश्याम पेरवाल, राजकुमार बकोरिया, जितेंद्र चौहान, लखन चौहान, हमीरसिंह गोयल, घनश्याम बामनिया, मांगीलाल अटारिया, गिरधारीलाल, जिंजार भंवरा, दुर्गाप्रसाद, जीवन ठेकेदार, धूलसिंह जाटव, खुमानसिंह अध्यापक, अशोक सिलोरिया, कुंदन बामनिया, दिलीप ठेकेदार, योगेश हरनावदा, जगदीश ठेकेदार, मोहन रैकवाल, रमेश रेकवाल, जितेंद्र ठेकेदार, सुहागमाल दामडिया मौजूद थें।

## एसआईआर को लेकर बैठक



**जागरण, आष्टा।** नगर मंडल स्तर पर एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठकों का दौर संपन्न होने के बाद अब आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के शक्ति केंद्रों पर समीक्षा बैठकों का दौर शुरू हुआ। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नगर मंडल के समस्त शक्ति केंदो पर पहुंचकर एसआईआर को लेकर अभी तक किए गए कार्य की समीक्षा कर आगामी कार्यो को लेकर निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष ललित नागोरी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा, अतुल शर्मा, धनरूपमल जैन, रवि शर्मा, बसंत पाठक, विशाल चौरसिया, सुरेश परमार, मोहित सोनी आदि मौजूद थें।

## शराब के नशे में युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**जागरण, शिवपुरी।** शनिवार रात एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। रातौर गांव निवासी 35 वर्षीय रंजीत परिहार ने रेलवे पटरी पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। इस हृदयविदारक कदम से उसके पीछे दो छोटे बच्चे बेसहारा रह गए हैं। कोतवाली पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली कि रातौर रेलवे अंडरपास के पास पटरी पर एक व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के अवशेष एकत्र कर मोर्चरी भिजवाए और परिजनों को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रंजीत पिछले तीन दिनों से लगातार शराब के नशे में था। शनिवार शाम परिजनों द्वारा समझाने-टोके जाने के बाद वह करीब शाम 7 बजे घर से निकल गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह उसकी मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर नशे की लत और मानसिक तनाव के खतरनाक परिणामों की ओर ध्यान खींचा है।

### केन्द्रीय मंत्री ने दिशा बैठक में की शिवपुरी के लिए कई अहम घोषणाएं

# भू माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश : सिंधिया



**जागरण, शिवपुरी।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज रविवार को शिवपुरी में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ('दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने जिले में चल रही योजनाओं की व्यापक समीक्षा करते हुए प्रशासन को स्पष्ट दिशा दी और शिवपुरी के सर्वांगीण विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण और दूरगामी घोषणाएँ कीं।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने शिवपुरी के लिए तीन प्रमुख घोषणाएँ कीं। जिसमें 17 से 24 मार्च तक देश का सबसे बड़ा स्वास्थ्य शिविर शिवपुरी में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए व्यापक पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसमें देशभर से विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएँ देंगे। दिव्यांगजनों के लिए अलग से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। दिव्यांगजनों का पंजीकरण कर उन्हें आधुनिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। 111 करोड़ रूपए की लागत से शिवपुरी में देश का 7वां 'रीजनल पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर' स्थापित किया जाएगा, जो जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि शिवपुरी में स्थापित होने वाला यह रीजनल पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर देश के चुनिंदा छह प्रशिक्षण केंद्रों की श्रेणी में शामिल होगा। इस केंद्र के माध्यम से प्रति वर्ष लगभग 2,500 से 3,000 युवाओं एवं कर्मियों को प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर सृजित होंगे और शिवपुरी को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्राप्त होगी।

सिंधिया ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए रिक्त पदों की पूर्ति, ऑटोमैटिक फायर सेफ्टी सिस्टम और जेनरेटर स्थापना कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिवपुरी को स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में आदर्श जिला बनाया जाएगा। बैठक में सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछोर एवं उर सिंचाई योजना का बांध कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और नहर निर्माण 80 प्रतिशत तक पहुँच गया है। बड़ोदिया सिंचाई योजना 15 फरवरी से प्रारंभ होकर जून तक पूर्ण कर ली जाएगी। चांदपाठा और जाधव सागर तालाबों से जलकुंभी को स्थायी रूप से हटाने के लिए 'अपस्ट्रीम-टू-डाउनस्ट्रीम' मॉडल पर आधारित कार्ययोजना लागू की जाएगी, जिससे समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने प्रशासन को भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे मामलों में उलझने के बजाय बड़े मगरमच्छों को पकड़िए, ताकि अवैध कब्जों और संगठित भू-माफिया नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई हो सके। उन्होंने राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी कार्रवाइयों में किसी भी स्तर पर दबाव या समझौता स्वीकार न किया जाए। सिंधिया ने शिवपुरी ट्रांसपोर्ट नगर के लिए अप्रोच रोड निर्माण और 60 दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प के अनुरूप शिवपुरी को मध्य प्रदेश का सबसे प्रगतिशील जिला बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इस मौके पर शिवपुरी विधायक देवेन्द्र जैन, विधायक करैरा रमेश खटीक, विधायक कोलारस महेंद्र सिंह यादव, विधायक पिछोर प्रीतम सिंह लोधी, विधायक पोहरी कैलाश कुशवाह, भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, पूर्व मंत्री सुरेश राठखेडा, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमलता रावत, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, डीएफओ सुधांशु यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे और जिले के विकास से जुड़े सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद शिवपुरी के कैलेण्डर का विमोचन भी किया गया।

## एमटी-6 बाघिन की दस्तक से थमा मझेरा गांव, छतों पर दुबके लोग



**जागरण, शिवपुरी।** माधव टाइगर रिजर्व की एमटी-6 बाघिन इन दिनों जंगल नहीं, बल्कि गांवों की सरहद पर अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही है। सुरवाया थाना क्षेत्र के मझेरा गांव में रविवार को बाघिन के अचानक पहुंचने से ऐसा सन्नाटा पसरा, मानो समय ही ठहर गया हो। खेतों में काम कर रहे लोग जान बचाने को भागे, घरों के दरवाजे बंद हुए और कई ग्रामीण डर के मारे छतों पर चढ़ गए।

जंगल की शांति छोड़ रिहायशी इलाके में उतरी बाघिन ने गांव में एक गाय के बछड़े का शिकार किया। यह दृश्य जिसने भी देखा, उसके रोंगटे खड़े हो गए। बाघिन की मौजूदगी का वीडियो सामने आने के बाद इलाके में दहशत और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब सुबह खेत जाना और शाम को घर लौटना भी खतरे से खाली नहीं रहा। बताया जा रहा है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लाई गई यह बाघिन शुरू से ही मानव बस्तियों की ओर आकर्षित रही है। माधव नेशनल पार्क में छोड़े जाने के चार दिन बाद ही इसने डोंगर गांव में एक ग्रामीण पर हमला कर दिया था। इसके बाद सरदारपुरा, खुटेला और अब मझेरा तक इसकी आमद ने पूरे क्षेत्र को चौकन्ना कर दिया है। खेतों में मवेशियों का शिकार कर चुकी यह बाघिन ग्रामीणों के लिए लगातार खतरे की घंटी बनी हुई है। गांव वालों का कहना है कि रात ढलते ही गांव में सन्नाटा पसर जाता है। बच्चे घरों में कैद हैं, महिलाएं भय के साये में और पुरुष पहरा देने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि बाघिन की निगरानी के लिए विशेष टीम, गांवों के आसपास गश्ती दल और जरूरत पड़ने पर रेस्क्यू या शिफ्टिंग जैसे ठोस कदम तुरंत उठाए जाएं।

## कोलारस कृषि रथ को चौहान ने दिखाई हरी झंडी




**जागरण, कोलारस।** कृषि विभाग ने कृषि प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया। कृषि विभाग के एसडीओ पवन द्विवेदी ने जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान मण्डल अध्यक्ष मंगल कुशवाह भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य एव वरिष्ठ नेता ओपी भार्गव वसई सरपंच गुर्जर का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रथ को ग्रामीण क्षेत्र के लिए रवाना किया।

एसडीओ पवन द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कृषि रथ महोत्सव (कृषि रथ) 11 जनवरी से 10 फरवरी तक सभी विकास खण्डो में कृषि रथ के साथ सभी विभागो के राजस्तरीय अधिकारी पशुपालन विभाग के अधिकारी ग्राम पंचायत के सचिव एव रोजगार सहायक राजस्व विभाग के पटवारी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक भी इस रथ के साथ चलेगे एवं किसानों से संवाद कर कीटनशक दवाई एवं जैविक खाद के वारे में बताएंगे। यह रथ वर्तमान में कृषि फसलों में खाद और की ट रोगों की जानकारी फसलवार देगा। जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने सवोदन् देते हुए कहाँ सभी विभाग के अधिकारी मध्यप्रदेश शासन की मंशाअनुरूप जिम्मेदारी के साथ किसानो की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराए एव इसके साथ चौपाल पर रथ के साथ किसान भाईयों को बैठाकर समझाए एवं अच्छी खेती के लिए मौसव पर जानकारी दे तभी हमारा अन्न दाता समद्धशाली वन सकेगा। मण्डल अध्यक्ष मंगल कुशवाह ने कहाँ सरकार द्वारा किसानों को समद्ध बनाने के लिए गॉव गॉव वैज्ञानिक भेज रहीं है जिससे किसान को मौसम के अनुरूप जानकारी मिल सके। भाजपा वरिष्ठ नेता एवं जिला कार्यसमिति सदस्य ओपी भार्गव ने कहाँ कि कृषि रथ का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं वागवानी, पशुपालन और खाद प्रसंस्करण के वारे ने जागृत करना। कार्य क्रम मे कृषिविभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी एवं उद्यान विभाग के अधिकारी, ग्रामसेवक कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोलारस में स्वास्थ्य शिविर एवं हेल्थ स्क्रीनिंग का आयोजन

**जागरण, कोलारस।** अथ युवा फाउंडेशन दिल्ली के माध्यम से ग्राम देहरदा गणेश कोलारस में स्वास्थ्य शिविर एवं हैल्थ स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। ये हेल्थ स्क्रीनिंग का द्वितीय चरण था जिसके माध्यम से ग्राम वासियों को हृदय घात तथा कैंसर जैसी घातक बीमारियों से बचने के उपाय तथा निदानों के बारे में भी जानकारी तथा काउंसिंग की गई।स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा लापरवाही न बरतने पर जोर दिया गया। शिविर में आए मरीजों को दवाइयां भी प्रदान की गईं। हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान को दूर दराज के क्षेत्रों तक बढ़ाने के प्रयास में लगे अथ युवा फाउंडेशन निदेशक डॉक्टर देवेन्द्र ने बताया कि देश भर में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की जरूरत है साथ ही साथ मूलभूत जांचों के माध्यम से सही समय पर डायग्नोस होने पर बीमारी के गंभीर होने से पहले उपचार शुरू हो तो मरीज को परेशान होने से बचाया जा सकता है। देश में महंगी होती स्वास्थ्य सुविधाओं से बचने का प्रमुख समाधान स्वास्थ्य जागरूकता और स्क्रीनिंग अभियान हो सकता है। स्वास्थ्य शिविर में एडवोकेट जितेन्द्र दांगी, सब इंस्पेक्टर सतेंद्र दांगी,राजेंद्र दांगी, देव शिवहरे तथा प्रदीप दांगी स्वास्थ्य मित्रों ने बेहद अहम भूमिका निभाई। एडवोकेट जितेन्द्र दांगी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर और स्क्रीनिंग के माध्यम से गरीब और असहाय लोगों को बड़ी मदद मिलती है और इस तरह के स्क्रीनिंग शिविर समय समय पर आयोजित करते रहेंगे।



## सक्षम और विधायक देवेंद्र जैन ने किया सिंधिया का किया शाही स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा भारी जोश



**शिवपुरी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के शिवपुरी आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में विधायक देवेंद्र जैन के निवास पर एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जहाँ आतिशबाजी और जयकारों के साथ सिंधिया जी का अभिनंदन किया गया। विधायक देवेंद्र जैन और उनके पुत्र सक्षम जैन ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक और उनके पुत्र ने सिंधिया जी को बड़ी फूलों की माला पहनाकर उनका सत्कार किया। इस दौरान पूरे परिसर में जोरदार आतिशबाजी की गई, जिससे माहौल उत्सव जैसा हो गया। इस अवसर पर केवल स्थानीय नेता ही नहीं, बल्कि सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सिंधिया जी ने न केवल विधायक और उनके परिवार से भेंट की, बल्कि वहां मौजूद कार्यकर्ताओं के पास जाकर उनसे हाथ मिलाया और उनकी कुशलक्षेम पूछी। कार्यकर्ताओं में अपने नेता से मिलने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा गया। राजनीतिक चर्चाओं से इतर, यह मुलाकात पारिवारिक रंगों से भी सराबोर रही। सिंधिया जी ने विधायक देवेंद्र जैन के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की और उनके साथ समय बिताया। यह मुलाकात सिंधिया परिवार और उनके क्षेत्र के नेताओं के बीच के गहरे और पुराने संबंधों को दर्शाती है।

## न्यूज कार्नर

### हिंदू उत्सव समिति बांटेगी पतंग और तिल-गुड़

**देवास।** हिन्दू उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व उत्साह व पारम्परिक रूप से विधायक गायत्रीराजे पवार मार्गदर्शन में मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह बैस ने बताया कि 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे से स्टेशन रोड स्थित गजरा गियर्स चौराहे पर भव्य मंच लगाकर मकर संक्रांति के गीतों के साथ सभी को मंगल तिलक लगाया जाएगा। तत्पश्चात 5100 पतंगों के साथ चकरी व तिलगुड़ के लड्डूओ का वितरण बच्चों व आमजनों को किया जाएगा। उक्त जानकारी समिति के नितिन जलोदिया ने दी।

### श्री चैतन्य प्रभु की पादुका यात्रा का स्वागत



**सोनकच्छ।** श्री संत तुकाराम महाराज के सद्‌गुरु चैतन्य प्रभु महाराज की चरण पादुका (खड़ाऊ) की पालकी यात्रा का शनिवार शाम आनंद आश्रम पहुंचने पर स्वागत किया गया। यात्रा श्री क्षेत्र ओटूर उत्तमपुर से प्रारंभ होकर श्री क्षेत्र काशी वाराणसी तक लगभग 1500 किलोमीटर की है, जिसे पूरा करने में लगभग 70 दिन लगेंगे। यात्रा प्रभारी प्रभाकर ठीकेकर एवं सुभाष गाढ़वे ने बताया कि यह परंपरा लगातार 22 वर्षों से चल रही है। इस वर्ष की यात्रा में 11 महिला एवं 34 पुरुष सदस्य सम्मिलित हैं। घनश्यामसिंह सेंगर, कैलाशचंद माहेश्वरी, रमेशचंद मेहता, बाबूलाल परमार, सौभागसिंह ठाकुर, सुनील दरक, लक्ष्मीनारायण शर्मा आदि ने यात्रियों का स्वागत सम्मान किया। वहीं यात्रा प्रभारियों ने आश्रम परिवार के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात आश्रम परिसर में भक्तिमय आरती का आयोजन कर प्रसादी का वितरण किया।

### सोनकच्छ में 18 को विशाल हिंदू सम्मेलन

**सोनकच्छ।** सर्व हिंदू समाज सोनकच्छ के तत्वावधान में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन 18 जनवरी को स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित होगा। प्रातः 9 बजे गीता भवन से शोभायात्रा निकाली जावेगी, जो एमजी रोड से होते हुए सम्मेलन स्थल पहुंचेगी। सम्मेलन के मुख्य वक्ता जम्मू-कश्मीर के क्रांतिकारी हिंदू संत एवं महामंडलेश्वर 1008 श्री स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती महाराज होंगे। उनके साथ अन्य विद्वान वक्ता भी संबोधित करेंगे। सम्मेलन प्रातः 10 बजे बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रारंभ होगा। तत्पश्चात सहभोज का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन हिंदू समाज के बीच आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक चिंतन को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक समरसता को बल देना है। आयोजन की सफलता के लिए आयोजन समिति द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है।

### किसान जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**खातेगांव।** मप्र शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने के अनुक्रम में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में रविवार को कृषक कल्याण वर्ष का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण खातेगांव मंडी के मीटिंग हॉल में किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित गुर्जर, विरेंद्र राजावत, विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम व्यास उपस्थित रहे। विधायक शर्मा द्वारा मप्र शासन तथा भारत सरकार की विभिन्न कृषि हितैषी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात किसान जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त किसान जागरुकता रथ 10 फरवरी तक विभिन्न गांवों में जाकर कृषकों को कृषि की नवीन तथा परंपरागत तकनीकों में सामंजस्य बैठाकर कृषि की ओर अधिक उन्नत बनाने हेतु जागरूक करेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी निरंजन सिंह गुर्जर, मंडी सचिव रघुनाथ सिंह लोहिया सहित मंडी कर्मचारीगण व अन्य उपस्थित थे।






# हिंदू सम्मेलनों में हुए एकता व समरसता के दर्शन

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, हजारों लोगों ने एक साथ किया भोजन, एकजुट होने का लिया संकल्प

**देवास।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत देवास शहर की 17 बस्तियों में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। जिसमें बौद्धिक, सांस्कृतिक आयोजन और सहभोज का आयोजन भी हुआ। एक अनुमान के अनुसार इन 17 बस्तियों में करीब 1 लाख हिंदू समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। यह दृश्य देखकर सभी के मन में सामाजिक समरसता के भाव प्रकट हुए। इन आयोजनों की खास बात यह रही कि प्रत्येक स्थान पर अतिथि के रूप में एक संघ वक्ता, एक महिला वक्ता व संत वक्ता उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विषय पर विस्तारपूर्वक बात रखी और अंत में सभी ने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। इससे पहले सभी 17 बस्तियों में बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में भी मातृ शक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात निर्धारित स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पर मां सरस्वती व मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अधिकांश मंचों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। वहीं कुछ स्थानों पर बालक-बालिकाओं ने शस्त्र विद्या का भी प्रदर्शन किया, तो कहीं पर भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। देवास शहर में कुल 17 स्थानों इटावा, विजय नगर, मुखर्जी नगर, राम नगर, मोती बंगला, नई आबादी, कैलादेवी, सनसिटी, नागदा, जवाहर नगर, कालानी बाग, बजरंगपुरा, तुलजा विहार, राजाभाऊ महाकाल, राधागंज, आदर्श नगर एवं भौंसले कालोनी बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। लगभग सभी बस्तियों में 5 से 7 हजार लोगों की भीड़ जुटी और सभी ने अनुशासित तरीके से समरसता भोज किया।








### पीपलरावां के हिंदू सम्मेलन में दो बेटियों का हुआ विवाह

पीपलरावां नगर के हिंदू सम्मेलन में समरसता का विशेष रूप देखने को मिला। यहां आयोजन समिति द्वारा हिन्दू सम्मेलन में गरीब परिवारों की दो बेटियों का निःशुल्क विवाह भी करवाया गया। इन नवयुगलों को सम्मेलन में आए हजारों लोगों ने आशीर्वाद दिया।

### अंचल में भी हुए हिंदू सम्मेलन

देवास नगर की 17 बस्तियों के अलावा अंचल में भी कई स्थानों पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। रविवार को हाटपीपल्या खंड के करनावद नगर सहित खजुरिया बिना, देवगढ़, लिंबोदा मंडल, टोंकखुर्द खंड के भौंरासा नगर सहित देवली एवं चिड़ावद, पीपलरावां खंड के पीपलरावां नगर सहित इकलेरा एवं चौबाराधीरा मंडल में भी हिन्दू सम्मेलन हुए।

### संघ के स्वयं सेवकों को समरसता का पालन पहले करना चाहिए : हरिओम राणा

तुलजा विहार बस्ती का हिंदू सम्मेलन का आयोजन सतपुड़ा स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें संघ वक्ता के रूप में हरिओम राणा उपस्थित रहे। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए संघ की 100 वर्ष की यात्रा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संघ का शुरुआती दौर निंदा का दौर रहा, जिसमें कई लोगों ने अनर्गल बातें कहकर संघ को बदनाम करने का प्रयास किया। उसके बाद द्वितीय चरण में संघर्ष का दौर आया, जिसमें संघ जैसे अनुशासित संगठन पर दो बार प्रतिबंध भी लगे, किंतु इसका असर संघ के विस्तार पर नहीं हुआ और फिर तृतीय चरण स्वीकारिता का रहा, जिसमें आम हिंदू ने खुले दिल से संघ को स्वीकार किया और अब चौथा चरण अनुकूलता का चल रहा है। अब संघ जो चाहता है, वही चारों तरफ हो रहा है। संघ के स्वयं सेवकों को समरसता का पालन पहले करना चाहिए। उसके बाद समाज करेगा। उन्होंने कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वावलंबन, नागरिक कर्तव्य आदि विषय पर भी अपने विचार रखे और अंत में उन्होंने कहा कि हिंदू समाज विश्व कल्याण व धर्म की जय होने की बात कहता है। हम किसी एक धर्म की जय हीं बोलते है।

### हर लड़की को केवल हिंदू समझें, तभी विधर्मी से बचेगी : मिथलेश सोनी

बजरंगपुरा बस्ती का आयोजन सिद्धिविनायक मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। जहां पर महिला वक्ता के रूप में एडव्होकेट मिथलेश सोनी दीदी उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि लड़की जब भी रास्ते से निकले, तो उसे आप किसी जाति से जोड़कर नहीं देखे, बल्कि हिंदू समझे, तभी वह विधर्मी से बच सकेगी। उन्होंने नारी शक्ति के विषय पर जोर देते हुए कहा कि नारी को सिर्फ चौके-चूल्हे का सीमित नहीं रहना चाहिए, जरूरत पड़ने पर हथियार उठाकर समाज व राष्ट्र के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने झांसी की रानी व अहिल्या बाई के उदाहरण देते हुए महिलाओं से ताकतवर बनने का आह्वान किया।

### जो नारी का सम्मान करें, वही हिंदू है : कृष्णकांत शर्मा

राधागंज बस्ती का हिंदू सम्मेलन कृषि उपज मंडी प्रांगण क्रमांक 1 में आयोजित किया गया। जहां पर संत वक्ता के रूप में पं. कृष्णकांत शर्मा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जो नारी का सम्मान करें, वही हिंदू है। हमें अपना आचरण अच्छा रखना चाहिए। जहां पर नारियों का पूजन किया जाता है, जहां पर उनका सम्मान होता है, वहां पर स्वयं देवता निवास करते है और जहां पर नारी का सम्मान नहीं होता, वहां पर सबकुछ विफल हो जाता है। इसीलिए हम सभी माता-बहनों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि एकजुट होने का समय आ गया है। अब जात-पात में नहीं बंटे, बल्कि सामाजिक समरसता का भाव लेकर संपूर्ण हिंदू समाज एक सूत्र में बंध जाए।

## भौंरासा नगर के हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



**भौंरासा।** रविवार को नगर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में धर्म और राष्ट्र भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर के सर्व समाज के 5000 से भी अधिक हिंदू धर्मावलंबियों ने सहभागिता कर एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा। बाबा भंवरनाथ मंदिर परिसर में आयोजित उक्त सम्मेलन की शुरुआत भगवान गणेश वंदना के साथ हुई, जिसकी प्रस्तुति दुर्गेश राठौर ने दी। इसके पश्चात संघ गीत को पलक व अंतिम कुमावत ने गाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास, भगवताचार्य सोहन जोशी एवं दुर्गा वाहिनी से श्रीमती लाड़कुंवर तोमर मंचासीन थी। अतिथि परिचय हेमंत बंड ने कराया। संचालन मनीष कुमावत ने किया एवं बाबा भंवरनाथ हिंदू सम्मेलन संयोजक कन्हैयालाल खाटवा ने सभी का अभिवादन किया। सम्मेलन के आगंतुकों का तिलक लगाकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बहनों द्वारा अभिवादन किया गया। मुख्य वक्ता व्यास कहा कि आज हम अपने बच्चों के लिए अच्छे स्कूल की सोचते है और उसे विदेश पढ़ने के लिए भेज देते है, किंतु अब बच्चा विदेश जाएगा, पर स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को लेकर अपने देश हित में काम करें, उसके लिए पहले अपने घर के माहौल को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि अगर हिन्दू धर्म संबंधित कही पर भी किसी प्रकार का आयोजन हो तो अपना धर्म पालन कर बढ़ चढ़कर आयोजन का हिस्सा बने। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी विचार रखे। अंत में भारत माता की आरती की व सहभोज का आयोजन हुआ। अंत में आभार नगर परसाई मनोज जोशी ने माना।

## योग साधकों ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

### शंकरगढ़ पहाड़ी पर ट्रेकिंग कर सूर्य नमस्कार किया



**देवास।** 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के एक दिन पूर्व दिव्य योग संस्थान के संस्थापक योग गुरु राजेश बैरागी के सानिध्य में सैकड़ों योग साधकों ने शंकरगढ़ की पहाड़ी पर पहुंचकर साढ़े 4 किलोमीटर की ट्रेकिंग की। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार भी किया। खास बात यह रही कि पहाड़ी पर साढ़े 4 किलोमीटर की ट्रेकिंग में 10 वर्ष की बालिका से लेकर 73 वर्ष के बुजुर्ग ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर योग गुरु ने योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने महज 39 साल के जीवन में ऐसे कई कार्य किए है, जो आज हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत बने हुए है। हम सभी को खासकर आज की युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलकर समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण में सहभागिता करना चाहिए, तभी हमारा जीवन सफल होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष योग साधकों ने हिस्सा लिया। अंत में तिल-गुड़ बांटकर आने वाली मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## सतवास नाली अतिक्रमण विवाद के दौरान झुलसी महिला ने दम तोड़ा

### 18 दिन पहले विरोध में दंपति ने किया था आत्मदाह का प्रयास



**सतवास।** सतवास नगर में नाली अतिक्रमण विवाद के दौरान आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला जयश्री व्यास का इंदौर के अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। घटना 24 दिसंबर को हुई थी, जब नगर परिषद और राजस्व विभाग की टीम सार्वजनिक नाली से अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान संतोष व्यास और जयश्री व्यास ने विरोध स्वरूप खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाई और दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया था। जयश्री व्यास करीब 18 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहीं। इलाज के दौरान उनकी दो सर्जरी की गई थीं। डॉक्टरों के अनुसार हालत में सुधार हो रहा था, लेकिन शनिवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। रविवार सुबह करीब 11 बजे इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। पति संतोष व्यास एक दिन पहले ही अस्पताल से छुट्टी पाकर घर लौट चुके हैं। महिला के निधन के बाद जयश्री व्यास की अंतिम यात्रा शास्त्री कॉलोनी स्थित उनके निज निवास से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। पूरे नगर में शोक और आक्रोश का माहौल बना रहा। उल्लेखनीय है कि इस मामले में प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार और सीएमओ को निलंबित कर जांच समिति का गठन किया जा चुका है।



### सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई ज्ञापन सौंपा

स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। एसडीओपी आदित्य तिवारी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सतवास थाने सहित कन्नौद, खातेगांव और हरणगांव थानों का पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। इधर नगरवासियों और समाजजनों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में बताया गया कि 24 दिसंबर को तत्कालीन तहसीलदार अरविंद दिवाकर एवं सीएमओ चुन्नीलाल जोनवाल द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के नियमविरुद्ध कार्रवाई की गई। आरोप है कि विरोध के दौरान दंपति को आत्महत्या के लिए उकसाया गया, जिसके चलते यह दुखद घटना हुई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि व्यास दंपती के इलाज के लिए प्रशासन की ओर से कोई आर्थिक सहायता नहीं दी गई। नगरवासियों ने मृतक जयश्री व्यास के परिजनों को मुआवजा देने, दोषी अधिकारियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने, कथित नारायण सोनी की गिरफ्तारी तथा पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पुनः आंदोलन किया जाएगा।

**24 दिसंबर** की घटना में झुलसी महिला का आज निधन हो गया है। परिजनों द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। शासन की ओर से अंतिम संस्कार की सभी व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कुछ लोगों के कथन और बयान शेष हैं, जिन्हें पूरा करने के बाद जांच दल अपनी रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

**हरिओम ठाकुर**
**तहसीलदार, सतवास**

## विधायक शर्मा ने शिव मंदिर में किया 108 ओंकार मंत्र का जाप



**खातेगांव।** विधायक आशीष शर्मा के सानिध्य में उनके साथियों ने खातेगांव नगर में प्राचीन शंकर मंदिर में भगवान शिव का प्रदोष काल में पूजन-अर्चन महाआरती कर औंकार मंत्र का जाप किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश व जिला संगठन के मार्गदर्शन में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026 के उपलक्ष्य में किया गया यह आयोजन न केवल आस्था एवं अध्यात्म का प्रतीक रहा, बल्कि भारत की सनातन सांस्कृतिक विरासत, पुनर्जागरण और राष्ट्रीय स्वाभिमान का सशक्त संदेश भी देता है। इस अवसर पर सनातन स्वाभिमान एवं शिवालयों की अखंडता के लिए संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित गुर्जर, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी, विरेंद्र सिंह राजावत, बलराम थोरी, राजेश गोस्वामी, शेखर अग्रवाल, शैलेश यादव, मुकेश गिरी, सूरज यादव, कमल कासलीवाल, ललित विश्नोई, नंदकिशोर वर्मा, दीपक जाधव, विशाल शेखावत आदि उपस्थित थे।

## छापरवाल का प्रस्ताव माहेश्वरी महासभा में स्वीकार



**सोनकच्छ।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा की जोधपुर में आयोजित राष्ट्रीय बैठक में सोनकच्छ निवासी एवं महासभा के कार्यकारी मंडल सदस्य नरेंद्र छापरवाल द्वारा लाया गया एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक 9 से 11 जनवरी तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी महासम्मेलन के दौरान हुई। सम्मेलन में देश-विदेश से लगभग 40 हजार समाजजनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य हस्तियों ने संबोधित किया। छापरवाल ने महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काबरा से मुलाकात कर एक प्रस्ताव रखा था। उन्होंने निवेदन किया कि देश भर में नगर एवं जिला स्तर के सभी माहेश्वरी संगठनों की बैठकें अपने-अपने सामाजिक भवनों में ही मितव्ययी ढंग से आयोजित की जाए, इससे संसाधनों का किफायती उपयोग होगा और संगठन अधिक से अधिक बैठकें कर सकेंगे। काबरा ने इस प्रस्ताव को बैठक में प्रस्तुत किया। वहां सदन में चर्चा के बाद प्रस्ताव को सर्वानुमति से पारित कर दिया गया। छापरवाल के इस प्रयास से सोनकच्छ क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। स्थानीय समाजजनों ने उन्हें बधाई दी है।